अभ्यास प्रश्न पत्र सत्र 2022-23

कक्षा–12वीं

विषय –जीवविज्ञान

अधिकतम अंक–70 **सेट - A** समय – 3 घंटे

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए $1 \times 7 = 7$अंक निर्धारित हैं। कुल प्रश्न $7 \times 4 = 28$ हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 5 से 19 तक आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 5 से 12तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए।

(v) प्रश्नक्रमांक13 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में दीजिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक 17 का उत्तर लगभग 120 शब्दों में दीजिए।

(vii) प्रश्न क्रमांक18 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।

(viii) जहाँ आवश्यक हो, स्पष्ट एवं नामांकित चित्र बनाइए।

(ix) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

1 सही विकल्प चुनकर लिखिये। **1x7=7**

1.बीज का परिवर्धन होता है –

अ)बीजांड से ब) अंडाकोष से स) परागकोष से द) भ्रूणकोष से

2 द्विनिषेचन किसके द्वारा प्रदर्शित किया जाता है–

अ) शैवाल ब) कवक स)आवृतबीजी द) नग्नबीजी

3.ध्रुवीय काय का निर्माण होता है–

अ)अण्डवजनन में ब) शुक्रजनन में स)निषेचन में द) शुक्र कायान्त्रण में

4. मनुष्यय में भ्रूणीय झिल्लियों की संख्या होती है

अ) 2 ब) 3 स) 4 द) 0

5.मानव जनसंख्या का जनसांख्यिकी अध्ययन कहलाता है-

अ) क्रोनोलॉजी ब) डेमोग्राफी स)जनसंख्या विज्ञान द) सोनोग्राफी

6.ट्यूबेक्टॉमी का उद्देश्य है-

अ) भ्रूणीय विकास को बाधित करना ब) सहवास को बाधित करना

स) अण्डजनन को रोकना द) निषेचन को रोकना

7. जन्मदर तथा मृत्यु दर का अनुपात कहलाता है-

अ) जैविक इन्डेक्स ब) जनसंख्या घनत्व स) टोटल काउन्ट द) उपरोक्त मे से कोई नहीं

2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए। **1x7=7**

1.वैज्ञानिक मेण्डल ने वंशागति के कुल ..... नियम प्रतिपादित किए थे।

2.टर्नर सिन्ड्रो.म से ग्रसित व्य क्ति में गुणसूत्रों की..... संख्या होगी|

3.DNA के एक चक्र में ---------- न्यूक्लियोटाइड्स पाये जाते हैं |

4.U.A.A. U.A.G. एवं U.G.A..... कोडॉन होते हैं।

5. इस पृथ्वी पर प्रत्येक 10 जन्तुओ में से कीट की संख्या ..... है|

6. जब एक पारिस्थितिकी समुदाय एक निश्चित समय अंतराल के पश्चात दूसरे समुदाय में बदल जाता है तो इस क्रिया को . .....कहते हैं |

7.ऐसे जीव जो दूसरे जीव के मृत शरीर का भक्षण करते हैं ..... कहलातेहैं।

3 सही जोड़ी मिलाइये– **1x7=7**

'अ'		'ब'	
1. AIDS	–	(अ)	विषाणुरोधी प्रोटीन
2. प्रतिजैविक	–	(ब)	जैव युद्ध
3. इन्टरफेरॉन	–	(स)	B.C.G
4. एन्थैक्स	–	(द)	S.T.D
5. T.B.	–	(इ)	एलेक्जेण्डर फ्लेमिंग
6 बायोगैस	-	(फ)	मीथेन
7 दाल कुल के पौधों की जड़ों में		(ड)	राजोबियम

4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – **1x7=7**

1. लैक्टिक अम्ल के निर्माण में किस सूक्ष्मजीव का प्रयोग किया जाता है?

2.देश के जैव संसाधनों की चोरी, डकैती तथा गैर कानूनी दोहन को क्या कहते हैं।

3कवक व उच्च श्रेणी के पादपों की जड़ो के बीच सहजीवी संबंध क्या कहलाता है|

4पारितंत्र के प्रत्येक पोषक स्तर पर कितने प्रतिशत ऊर्जा का प्रवाह होता है |

5.PCR का पूरा नाम लिखिये।

6.आनुवंशिक अभियांत्रिकी में "आण्विक कैंची"की तरह किसका उपयोग किया जाता है।

7. किसी भी कोशिका अथवा जीव की आनुवंशिक रूप से समान प्रतिकृति क्या कहलाती है?

5 .बहुभ्रूणता को परिभाषित कीजिए। 2

अथवा

स्व परागण व परपरागण में कोई 2 अंतर लिखिए।

6. कोलेस्ट्रम क्या है? 2

अथवा

इम्प्लांटेशन से क्या है?

7. यौन शिक्षा से क्या आशय है ? 2

अथवा

टेस्ट टयूब बेबी क्या है?

8. मेण्डल के प्रभाविता के नियम को परिभाषित कीजिए । 2

अथवा

एकसंकर क्रोस को परिभाषित कीजिए ।

9. मेंडल ने अपने प्रयोग में मटर के पौधे का चयन क्यों किया कोई 2 कारण लिखिए| 2

अथवा

उत्प रिवर्तन को परिभाषित कीजिए।

10. GMO से क्या आशय है ? 2

अथवा

बीटी-कॉटनकी 2 विशेषताए लिखिए।

11.मेटास्टेसिस को परिभाषित कीजिए। 2

अथवा

एल्कोहॉल के कोई दो कुप्रभाव लिखिए।

12. जीन बैंक से आप क्या समझते है? 2

अथवा

प्लाज्मिड किसे कहते है?

13.शुक्राणुजनन एवं अंडाणुजनन में कोई तीन अंतर लिखिए। 3

अथवा

GIFT,MTP व IUD का शब्द विस्तार लिखिए ।

14 डीएनए एवं आरएनए में 3 अंतर स्पष्ट कीजिये | 3

अथवा

डी.एन.ए. अंगुली छापन क्या है? इसकी उपयोगिता लिखिए।

15.. औषधि व्यसन क्या है ? इसके क्या कारण होते हैं ? 3

अथवा

कैंसर क्या है ? कैंसर के प्रकार लिखिए तथा कैंसर रोग के प्रमुख कारण लिखिए।

16.जन्मदर, मृत्युदर व लिंगअनुपात का परिभाषित कीजिए। 3

अथवा

समस्थापन को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।

17.समजात एवं समवृति अंगो परिभाषित कर उदाहरण सहित लिखिए। 4

अथवा

हार्डी–विनबर्ग सिद्धांत क्या है ? व्याख्या कीजिये।

18. आनुवंशिक रूपान्तरित फसलों के उत्पादन के 5 लाभ लिखिए। 5

अथवा

क्लोनिंग संवाहक से आप क्या समझते हैं किन्हीं दो क्लोनिंग संवाहक के बारे में लिखिए|

19 वन हमारे लिए अत्यझन्त् आवश्यगक है, इस कथन को 5 मतों से स्पष्ट कीजिये 5

अथवा

वन्यजीवों को संरक्षित करने के 5 उपाय लिखिए।